प्रेस विज्ञप्ति
बंधुआ मुक्ति मोर्चा की राष्ट्रीय चौपाल संपन्न

"न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने, राष्ट्रीय स्तर पर नशाबंदी लागू करने और मनरेगा में250 दिनों के काम की गारंटी की मांग।"

रोहतक (हरियाणा), 14 मार्च 2026

बंधुआ मुक्ति मोर्चा की दो दिवसीय राष्ट्रीय चौपाल स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ आश्रम , ग्राम–टिटौली, रोहतक (हरियाणा) स्थित प्रो. स्योताज सिंह सभागार में आयोजित की गई , जो आज सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस चौपाल की अध्यक्षता बंधुआ मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूज्य स्वामी आर्यवेश जी ने की।

राष्ट्रीय चौपाल में देशभर से आए प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने श्रमिकों, बंधुआ मजदूरों तथा सामाजिक मुद्दों पर व्यापक चर्चा की और कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए। चौपाल में यह मांग की गई कि न्यूनतम मजदूरी भारत सरकार के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के बराबर निर्धारित की जाए। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर नशाबंदी लागू करने तथा मनरेगा के तहत मजदूरों को 250 दिनों के कार्य की गारंटी देने की मांग भी की गई।

कार्यक्रम में बंधुआ मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष श्री विरजानन्द जी, श्री राजेश कुमार जी, कोषाध्यक्ष श्री विष्णुपाल जी, मंत्री स्वामी आदित्यवेश जी, कार्यकारिणी सदस्य श्री मकेन्द्र कुमार जी, श्री रामनिवास जी, श्री भंवरलाल आर्य जी, श्री काशीराम जी, बहन प्रवेश आर्या जी तथा बहन पूनम आर्या जी ने भाग लिया।

इसके अतिरिक्त फरीदाबाद जिला अध्यक्ष श्री मायाराम जी तथा गुना (मध्य प्रदेश) की जिला अध्यक्षा श्रीमती शशि अहिरवार जी सहित देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधि और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।